क़ुरआन के पैगंबर: एक परिचय (2 का भाग 1)

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख इस्लाम की मान्यताएं पैगंबरों की कहानियां

द्वारा: Imam Mufti (© 2013 IslamReligion.com)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

क़ुरआन में पच्चीस पैगंबरो का उल्लेख है, जिनमें से अधिकांश का उल्लेख बाइबिल में भी किया गया है। ये पैगंबर कौन थे, वे कहां रहते थे, उन्हें किसके पास भेजा गया था, क़ुरआन और बाइबल में उनके नाम क्या हैं, और उनके द्वारा किए गए कुछ चमत्कार क्या हैं? हम इन आसान सवालों के जवाब देंगे।

शुरू करने से पहले, हमें दो बातों को समझना होगा:

ए.अरबी में दो अलग-अलग शब्दों का प्रयोग किया जाता है, नबी और रसूल। पैगंबर को नबी कहते हैं और दूत या धर्म प्रचारक को रसूल। हमारे उद्देश्य के लिए इन दो शब्दों के अर्थ लगभग समान हैं।

बी.क़ुरआन में चार पुरुषों का उल्लेख है, जिनके बारे में मुस्लिम विद्वान अनिश्चित हैं कि वे पैगंबर थे या नहीं: जुल-क़रनैन (18:83), लुकमान (अध्याय 31), उज़ैर (9:30), और तुब्बा (44:37, 50:14)।

1.आदम या एडम इस्लाम के पहले पैगंबर हैं। वह पारंपरिक इस्लामी मान्यता के अनुसार पहले इंसान भी हैं। आदम का ज़िक्र 25 छंदो में और क़ुरआन में 25 बार किया गया है। ईश्वर ने आदम को अपने हाथों से बनाया और उसकी पत्नी, हव्वा या ईव को आदम की पसली से बनाया। वह स्वर्ग में रहते थे और वहां से अवज्ञा के कारण पृथ्वी पर भेज दिए गए थे। उनके दो बेटों

की कहानी का उल्लेख एक बार अध्याय 5 (अल-माइदा) में किया गया है।

2.क़ुरआन में इदरीस या एनोक का दो बार उल्लेख किया गया है। इसके अलावा इनके बारे में बहुत कम जाना जाता है। कहा जाता है कि वह बेबीलोन, इराक में रहते थे और मिस्र चले गये थे और वह कलम से लिखने वाले पहले व्यक्ति थे।

3.क़ुरआन में 43 बार नूह या नोआह का उल्लेख किया गया है। वह इराक में किर्क के रहने वाले बताये जाते हैं। बहुदेववाद (शिर्क) पहली बार उनके लोगों के बीच हुआ, जो वर्तमान में इराक के दक्षिण में कुफा शहर के करीब रहते थे। उनकी पत्नी एक अविश्वासी थी जैसा कि अध्याय 66 (अत-तहरीम) में वर्णित है। उनके बेटे ने भी अविश्वास को चुना और बाढ़ में डूब गया। कहानी अध्याय 11 (हूद) में मिलती है।

उनके महान चमत्कारों में से एक आर्क था, जिसे उन्होंने ईश्वर की आज्ञा पर बनाया था। जो माउंट जूडी पर टिकी हुई थी, जिसे आज अयन दीवर शहर के पास सीरिया-तुर्की सीमा के बीच कहा जाता है।

4.हूद को अंग्रेजी में हेबर कहते हैं। क़ुरआन में उनका 7 बार उल्लेख किया गया है। हुद अरबी बोलने वाले पहले व्यक्ति थे और अरब के पहले पैगंबर थे। उन्हें आद के लोगों के पास अल-अहकाफ नाम की जगह पर भेजा गया था। जो यमन में हाडरामौत और रुब अल-ख़ाली (एम्प्टी क्वार्टर) के आसपास है। ईश्वर ने आद के लोगों को 8 दिन और सात रातों तक चलने वाली प्रचंड हवा से नष्ट कर दिया था।

5.क़ुरआन में सालेह का 9 बार जिक्र किया गया है। वह अरब के एक पैगंबर थे, जो थमूद के लोगों के लिए भेजे गए थे। जो हिजाज़ और तबुक के बीच अल-हिज्र के नाम से जाने वाले क्षेत्र में रहते थे। अल-हिज्र एक प्राचीन नाम था। आज, यह स्थान सऊदी अरब में "मदा'इन सालिह" के रूप में जाना जाता है और यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। वे शानदार संरचनाएं हैं जिन्हें सचमुच पहाड़ों में उकेरा गया है। लोगों ने मांग की कि वह पैगंबर होने के अपने दावे को साबित करने के लिए चट्टानों से एक ऊंटनी निकाले। उन्होंने किया, और उन्हें चेतावनी दी कि वे इसे नुकसान ना पहुंचाएं, लेकिन सालेह की चेतावनी के बावजूद वहां के लोगो ने उस ऊंटनी को मार डाला। एक जोरदार चीख - सैहा - ने उन सभी को मार डाला।

6.क़ुरआन के 25 अध्यायों में इब्राहिम या अब्राहम का 69 बार उल्लेख किया गया है। उनके पिता का नाम अजार था। वे कसदियों के राज्य के ऊर नगर में रहते थे। जब राजा निम्रोद ने उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की, तो वह आज के सीरिया में स्थित अरब प्रायद्वीप के उत्तर में ऊर

से हारान चले गए थे। हारान से वह अपनी पत्नी सारा और अपने भाई के बेटे लोत (अरबी में लूत) और उसकी पत्नी के साथ फलिस्तीन चले गए थे। अकाल के कारण, उन्हें मजबूर होकर मिस्र जाना पड़ा।

बाद में वह लूत के साथ फलिस्तीन के दक्षिण में लौट आये, इब्राहिम बीर सब'आ में बस गये और लूत मृत सागर के करीब बस गये।

तब इब्राहीम अपनी दूसरी पत्नी हाजिरा को अपने पुत्र इस्माईल के साथ मक्का ले गये और ईश्वर के आदेश पर उन्हें वहीं छोड़ दिया। मक्का एक बंजर भूमि थी और ज़मज़म का कुआँ उनके जीवित रहने के लिए ईश्वर द्वारा प्रदान किया गया था। जुरहुम की प्राचीन जनजाति ज़मज़म के कारण वहां बस गए। कहा जाता है कि इब्राहिम को फलिस्तीन के हेब्रोन में दफनाया गया था।

7, 8. इब्राहीम के दो बेटे थे: इशाक या इसहाक और इस्माइल या इश्माएल। क़ुरआन में इसहाक का 16 बार उल्लेख किया गया है जबकि इश्माएल का 12 बार उल्लेख किया गया है। इसहाक अपने पिता इब्राहीम के साथ रहते थे, और हेब्रोन, फलिस्तीन में मर गये। ईश्वर ने इब्राहीम को इस्माईल की बलि चढ़ाने का आदेश दिया। वह अपने माता-पिता के साथ मक्का गया और वहां अपनी मां के साथ रह गया। इब्राहिम मक्का में कई बार इस्माईल से मिलने गए, और एक बार, ईश्वर ने इब्राहिम और इस्माईल को काबा (पवित्र घर) बनाने का आदेश दिया। इस्माईल मक्का में मर गये और उन्हें वहीं दफनाया गया। इसहाक यहूदियों के पूर्वज है और इस्माईल अरबों का पूर्वज है।

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/hi/articles/10228

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।